# 2024

# सामान्य अध्ययन (प्रश्न-पत्र – V)

# GENERAL STUDIES (PAPER – V)

| | |
|---|---|
| निर्धारित समय : तीन घंटे | अधिकतम अंक : 200 |
| *Time Allowed : Three Hours* | *Maximum Marks : 200* |

---

## विशेष अनुदेश / SPECIFIC INSTRUCTIONS

**नोट :** *(i)* कुल *20* प्रश्न दिए गए हैं। **खण्ड – अ** में *10* प्रश्न लघु उत्तरीय हैं जिनके **प्रत्येक** उत्तर की शब्द-सीमा *125* तथा **खण्ड – ब** में *10* प्रश्न दीर्घ उत्तरीय हैं जिनके **प्रत्येक** उत्तर की शब्द-सीमा *200* निर्धारित है। प्रश्न **हिन्दी** और **अंग्रेजी** दोनों में छपे हैं।

*(ii)* **सभी** प्रश्न **अनिवार्य** हैं।

*(iii)* प्रत्येक प्रश्न/भाग के लिए नियत अंक उसके सामने दिए गए हैं।

*(iv)* प्रश्नों में इंगित शब्द-सीमा को ध्यान में रखें।

*(v)* उत्तर पुस्तिका में **खाली छोड़े गए कोई** पृष्ठ अथवा पृष्ठ के भाग को **पूर्णत: काट** दें।

***Note :*** *(i) There are 20 questions.* ***Section – A*** *consists of* ***10*** *short answer questions with word limit of* ***125 each*** *and* ***Section – B*** *consists of* ***10*** *long answer questions with word limit of* ***200 each****. The questions are printed both in* ***Hindi*** *and in* ***English****.*

*(ii)* ***All*** *questions are* ***compulsory****.*

*(iii) The number of marks carried by a question/part is indicated against it.*

*(iv) Keep the word limit indicated in the questions in mind.*

*(v)* ***Any*** *page or portion of the page* ***left blank*** *in the answer booklet must be* ***clearly struck off****.*

## खण्ड – अ / SECTION – A

1. प्राचीन भारत में 'प्रयागराज' के सांस्कृतिक महत्त्व का वर्णन कीजिए।
Describe the cultural significance of 'Prayagraj' in ancient India. 8

2. छठी शताब्दी ई.पू. में उत्तर प्रदेश में अवस्थित प्रमुख गणराज्यों एवं उनकी राजनीतिक व्यवस्था के बारे में लिखिए।
Write about the major republics located in Uttar Pradesh and their political system in the $6^{th}$ century B.C. 8

3. सन् 1857 की क्रांति के पश्चात ब्रिटिश सरकार की अवध के तालुकदारों के प्रति क्या नीति थी ?
What was the policy of the British Government towards the Taluqdars of Awadh after the Revolt of 1857 ? 8

4. उत्तर प्रदेश में स्वास्थ्य ढाँचे को मजबूत करने की दिशा में राज्य सरकार के प्रयासों की आलोचनात्मक व्याख्या कीजिए।
Critically explain the efforts of the State Government towards strengthening the health infrastructure in Uttar Pradesh. 8

5. उत्तर प्रदेश राज्य की संचित निधि एवं आकस्मिक निधि के बीच अंतर स्पष्ट कीजिए।
Distinguish between the Consolidated Fund and the Contingency Fund of the State of Uttar Pradesh. 8

6. उत्तर प्रदेश के राज्य उच्च न्यायालय के गठन व क्षेत्राधिकार की विवेचना कीजिए।
Discuss the composition and jurisdiction of the State High Court of Uttar Pradesh. 8

7. उत्तर प्रदेश में कुशल कानून व्यवस्था सुनिश्चित करने में प्रमुख चुनौतियाँ क्या हैं ?
What are the key challenges in ensuring an efficient law and order situation in Uttar Pradesh ? 8

8. उत्तर प्रदेश में ग़ैर-सरकारी संगठनों से संबंधित समस्याओं का विश्लेषण कीजिए।
Analyse the problems related to Non-Governmental Organisations (NGOs) in Uttar Pradesh. 8

9. उत्तर प्रदेश में जल परिवहन और पर्यटन को बढ़ावा देने में 'अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण' की भूमिका पर चर्चा कीजिए।
Discuss the role of 'Inland Waterways Authority' to boost the water transport and tourism in Uttar Pradesh. 8

10. उत्तर प्रदेश में लोगों के बेहतर जीवन स्तर के लिए 'स्मार्ट सिटी' की भूमिका की विवेचना कीजिए।
Discuss the role of 'Smart City' for better living conditions of the people of Uttar Pradesh. 8

## खण्ड – ब / SECTION – B

11. उत्तर प्रदेश की वास्तुकला की मुख्य विशेषताएँ क्या हैं ? इसके प्रमुख तत्त्वों और शैलियों का वर्णन कीजिए।

What are the salient features of the architecture of Uttar Pradesh ? Describe its key elements and styles. *12*

12. प्राचीन उत्तर प्रदेश में नगरों के उदय के कारणों की चर्चा कीजिए।

Discuss the causes for the rise of the towns in ancient Uttar Pradesh. *12*

13. भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन में उत्तर प्रदेश की भूमिका का आलोचनात्मक विश्लेषण कीजिए।

Critically analyse the role of Uttar Pradesh in the Indian Freedom Movement. *12*

14. उत्तर प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में प्रमुख त्योहारों की विशेषताएँ और उनकी सामाजिक-आर्थिक भूमिका पर विस्तृत व्याख्या कीजिए।

Elucidate in detail the characteristics of major festivals and their socio-economic role in the rural areas of Uttar Pradesh. *12*

15. "यदि दूसरा सदन पहले सदन से असहमत हो तो वह शरारतपूर्ण है; यदि वह सहमत हो तो अनावश्यक है।" इस प्रसिद्ध कथन के प्रकाश में उत्तर प्रदेश विधान परिषद की उपयोगिता की चर्चा कीजिए।

"If a Second Chamber dissents from the first, it is mischievous; if it agrees, it is superfluous." In the light of this famous statement, discuss the utility of Uttar Pradesh Legislative Council. *12*

16. "उत्तर प्रदेश में पंचायती राज प्रणाली की सफलता की लंबी कहानियाँ हैं।" उपयुक्त उदाहरणों से इसकी पुष्टि कीजिए।

"Panchayati Raj System has long success stories in Uttar Pradesh." Corroborate with suitable examples. *12*

17. उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग की भूमिका और लोक सेवकों के स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चयन के लिए उसके समक्ष चुनौतियों पर चर्चा कीजिए।

Discuss the role of Uttar Pradesh Public Service Commission and explain the challenges before it for independent and impartial selection of public servants. *12*

**18.** संगठित अपराध एवं आतंकवाद राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए गंभीर चुनौतियाँ हैं। इनका प्रतिकार करने के लिए उत्तर प्रदेश में क्या प्रबंधन किया गया है ? स्पष्ट कीजिए।

Organised crime and terrorism are grave challenges to national security. What arrangements have been made in Uttar Pradesh to counter this ? Explain. *12*

**19.** उत्तर प्रदेश में खाद्य सुरक्षा की चुनौतियों का परीक्षण कीजिए।

Examine the challenges of food security in Uttar Pradesh. *12*

**20.** उत्तर प्रदेश में 'सार्वजनिक स्कूली शिक्षा की विफलता एवं भविष्य' पर टिप्पणी लिखिए।

Write a note on 'Failure and future of public schooling education' in Uttar Pradesh. *12*